# संचालनालय राज्य न्यायालयिक विज्ञान प्रयोगशाला, रायपुर (छ.ग.)

पुजारी पार्क, पुलिस लाईन कैम्पस, टिकरापारा रायपुर (छ.ग.)

**::विज्ञापन::**

क्रमांक / रान्याविप्र / स्था / सीधीभर्ती / जी–5089 / 2021 रायपुर, दिनांक– 08 / 11 / 2021

छत्तीसगढ़ शासन गृह पुलिस विभाग के पृष्ठांकन क्रमांक एफ 3–68 / दो–गृह / एफएसएल / 2019 अटल नगर, दिनांक 18.08.2021 द्वारा संचालनालय राज्य न्यायालयिक विज्ञान प्रयोगशाला, रायपुर के लिए स्वीकृत सीधी भर्ती के निम्नानुसार पदों को नियमानुसार भरने की अनुमति प्रदान की गई।

अतः निर्देशानुसार संचालनालय राज्य न्यायालयिक विज्ञान प्रयोगशाला, रायपुर एवं अधीनस्थ क्षेत्रीय कार्यालयों हेतु तृतीय श्रेणी लिपिक वर्ग सेवा भर्ती नियम 2015 के प्रावधान अनुसार डाटा एंट्री ऑपरेटर तथा सहायक ग्रेड–03, के 05 रिक्त पदों पर सीधी भर्ती हेतु छत्तीसगढ़ के स्थानीय निवासी पात्र अभ्यर्थियों से ऑनलाईन आवेदन पत्र छत्तीसगढ़ व्यवसायिक परीक्षा मण्डल रायपुर के वेबसाइट http://vyapam.cgstate.gov.in/ पर आमंत्रित किये जाते है।

(अ) उपरोक्त परीक्षा आयोजन हेतु कार्यक्रम निम्नानुसार है :–

1. परीक्षा तिथि – दि. 19 / 12 / 2021।
2. ऑनलाईन आवेदन पत्र भरने की प्रारंभिक तिथि – दि. 10.11.2021 (बुधवार)।
3. ऑनलाईन आवेदन पत्र भरने की अंतिम तिथि – दि. 02.12.2021 (गुरूवार) रात्रि 11:59 बजे तक।
4. त्रुटि सुधार – दि. 03 से 05 दिसंबर 2021।
5. परीक्षा का समय – पूर्वान्ह 9:00 बजे से 12:15 बजे तक।
6. परीक्षा केन्द्र – प्रदेश के 16 जिला मुख्यालयों में।

**(ब) रिक्त पदों की संख्या एवं वेतनमान –7 वां पे अनुसार :–**

1. डाटा एंट्री ऑपरेटर – 02 पद (बेसिक 25300 / –वेतन मैटिक्स लेवल–6)
2. सहायक ग्रेड–03 – 03 पद (बेसिक 19500 / –वेतन मैटिक्स लेवल–4)

**(स) रिक्त पदों में आरक्षण की जानकारी :–**

1. पदनाम एवं संख्या – डाटा एंट्री ऑपरेटर (2पद)

| क्र | वर्ग | पद संख्या | | | | योग |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | | मुक्त | महिला | दिव्यांग | भूपूसै | |
| 1 | अनारक्षित | – | – | – | – | – |
| 2 | अनुसूचित जाति | – | – | – | – | – |
| 3 | अनुसूचित जनजाति | 1 | – | – | – | 1 |
| 4 | अपिव (क्रीमीलेयर को छोड़कर) | 1 | – | – | – | 1 |

**2. पदनाम एवं संख्या – सहायक ग्रेड–03 (3पद)**

| क्र | वर्ग | पद संख्या | | | | योग |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | | मुक्त | महिला | दिव्यांग | भूपूसै | |
| 1 | अनारक्षित | 1 | – | – | – | 1 |
| 2 | अनुसूचित जाति | – | – | – | – | – |
| 3 | अनुसूचित जनजाति | 1 | – | – | – | 2 |
| | बैकलॉग– | 1 | – | – | – | |
| 4 | अपिव (कीमीलेयर को छोड़कर) | – | – | – | – | – |
| | | | | | कुल महा योग– | 05 |

(1) डाटा एट्री ऑपरेटर :–

अनिवार्य अर्हताएं :–

(1) किसी मान्यता प्राप्त मंडल से (10+2) परीक्षा उत्तीर्ण अथवा पुरानी हायर सेकेण्डरी परीक्षा के साथ किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से स्थातक पाठ्यक्रम की प्रथम वर्ष परीक्षा उत्तीर्ण अथवा 10 वीं परीक्षा उत्तीर्ण एवं किसी मान्यता प्राप्त संस्था से त्रिवर्षीय डिप्लोमा।

(2) किसी मान्यता प्राप्त संस्था से से डाटा एंट्री ऑपरेटर/प्रोग्रामिंग में एक वर्षीय डिप्लोमा/प्रमाणपत्र तथा हिन्दी एवं अंग्रेजी में डाटा एंट्री की 8,000 की (key) डिप्रेशन प्रति घंटे की गति (गति के लिये कौशल परीक्षा ली जायेगी)।

(2) सहायक ग्रेड–03 :–

अनिवार्य अर्हताएं :–

(1) किसी मान्यता प्राप्त मंडल से (10+2) परीक्षा उत्तीर्ण अथवा पुरानी हायर सेकेण्डरी परीक्षा के साथ किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से स्थातक पाठ्यक्रम की प्रथम वर्ष परीक्षा उत्तीर्ण अथवा 10 वीं परीक्षा उत्तीर्ण एवं किसी मान्यता प्राप्त संस्था से त्रिवर्षीय डिप्लोमा।

(2) किसी मान्यता प्राप्त संस्था से से डाटा एंट्री ऑपरेटर/प्रोग्रामिंग में एक वर्षीय डिप्लोमा/प्रमाणपत्र।

(3) हिन्दी कम्प्यूटर टायपिंग में 5,000 की (key) डिप्रेशन प्रति घंटे की गति (गति के लिये कौशल परीक्षा ली जायेगी)।

3. **आयु सीमा** :– विज्ञापन जारी हो की तिथि से उम्मीदवार की आयु में भर्ती नियमानुसार डाटा एंट्री ऑपरेटर हेतु न्यूनतम 21 वर्ष व अधिकतम आयु सीमा 30 वर्ष एवं सहायक ग्रेड–03 के लिए न्यूनतम 18 वर्ष व अधिकतम आयु सीमा 30 वर्ष होना अनिवार्य है। उपरोक्त के अतिरिक्त आयु सीमा के संबंध में शासन के **सामान्य प्रशासन विभाग द्वारा समय–समय पर जारी निर्देश भी लागू** होगें।

4. नियम एवं शर्ते :–

1. उक्त पदों पर चयन हेतु एक लिखित परीक्षा एवं कौशल परीक्षा छ.ग. व्यावसायिक परीक्षा मंडल रायपुर द्वारा आयोजित की जावेगी। परीक्षा उपरांत मेरिट सूची जारी की जावेगी।
2. चयन हेतु अभ्यर्थी की पात्रता/अपात्रता के संबंध में अंतिम निर्णय लेने का अधिकार संचालक, राज्य न्यायालयिक विज्ञान प्रयोगशाला, रायपुर (छ.ग.) के पास सुरक्षित रहेगा।
3. चयनित उम्मीदवार को नियुक्ति के समय समस्त प्रमाण पत्र की मूलप्रतियां प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा।
4. यदि किसी भी आरक्षित अथवा अनारक्षित वर्ग में महिलाओं के लिए उपरोक्तानुसार आरक्षित पद उपयुक्त महिला अभ्यर्थी के अभाव के कारण चयन न होने से रिक्त रह जाते हैं तो ऐसे रिक्त पद अग्रणित नहीं किये जायेंगें, वरन् उसी प्रवर्ग के पुरुष उम्मीदवार के चयन द्वारा भरे जा सकेंगे, जिस प्रवर्ग के लिए आरक्षित है।
5. दिव्यांग और भूतपूर्व सैनिक के पद के विरूद्ध सामान्य, अनूसचित जाति/अनुसूचित जनजाति/अन्य पिछड़ा वर्ग (क्रीमी लेयर को छोड़कर) में से जिस श्रेणी के आवेदक होगा उसे होरिजेण्टल आरक्षण के कारण उस श्रेणी के अंतर्गत माना जायेगा।
6. विज्ञाप्ति पद के कार्य की प्रकृति को दृष्टिगत विकलांग कृपया आवेदन न करें।
7. कोई भी उम्मीदवार जिसकी दो से अधिक जीवित संतान है, जिनमें से एक का जन्म 26 जनवरी 2001 को या उसके पश्चात् हुआ हो, नियुक्ति के लिए पात्र नहीं होगा।
8. कोई भी उम्मीदवार जिसकी विवाह के लिए निर्धारित न्यूनतम आयु से पूर्व विवाह कर लिया हो, नियुक्ति के लिए पात्र नहीं होगा।
9. चयनित उम्मीदवार की नियुक्ति 03 वर्ष की छ.ग.शासन वित्त निर्देश 21/2020 दि. 29.07.2020 के निर्देशानुसार की परीवीक्षा अवधि पर की जाएगी।
   प्रथम वर्ष – उस पद के वेतनमान के न्यूनतम का 70 प्रतिशत,
   द्वितीय वर्ष – उस पद के वेतनमान के न्यूनतम का 80 प्रतिशत,
   तृतीय वर्ष – उस पद के वेतनमान के न्यूनतम का 90 प्रतिशत,
10. सामान अंक प्राप्त होने की स्थिति में अभ्यर्थियों की जन्मतिथि को आधार मानकर वरियता तय की जावेगी।
11. यह सुनिश्चित करने की जिम्मेदारी स्वयं आवेदक की होगी कि वे आवेदित पद के लिए निर्धारित समस्त अर्हताओं रखता हो।
12. शासकीय/अर्द्धशासकीय संस्थाओं में कार्यरत् कर्मचारियों को चयन की स्थिति में नियोक्ता का अनापत्ति प्रमाण पत्र मूलरूप से प्रस्तुत करना होगा।

टीप :–

1. विज्ञापित पदों की संख्या कम या ज्यादा हो सकती है, जिसके लिए कोई दावा मान्य नहीं होगा।
2. भर्ती की कार्यवाही एवं प्रक्रिया प्रशासकीय कारणों से कभी भी सक्षम अधिकारी द्वारा निरस्त किया जा सकेगा। इसके लिए कोई कारण बताना आवश्यक नहीं होगा।
3. लिखित परीक्षा की उम्मीदवारों को स्वयं के व्यय पर परीक्षा शहर / केन्द्र तक जाना होगा, इसके लिए यात्रा व्यय नहीं दिया जाएगा।
4. विज्ञापन में उल्लेखित रिक्त पदों का प्रवर्गवार आरक्षण माननीय उच्च न्यायालय बिलासपुर द्वारा याचिका क्रमांक रिट पिटीशन क्रमांक (सी) 591 / 2012, 592 / 2012, 593 / 2012, 594 / 2012 में पारित किये जाने वाले अंतिम आदेश / निर्णय के अध्यधीन होगी। विस्तृत विज्ञापन परीक्षा पाठ्यक्रम, परीक्षा तिथि, परीक्षा संचालन ऑनलाइन आवेदन एवं शुल्क भुगतान की विधि तथा अन्य जानकारी व्यापम की वेबसाइट http://vyapam.cgstate.gov.in/ पर देखा जा सकता है।
5. पंजीकृत डाक एवं स्पीडपोस्ट से भेजे जाने वाले आवेदन मान्य नहीं किये जावेगें।

**परीक्षा निर्देश** – व्यापम द्वारा जारी परीक्षा निर्देश व्यापम की वेबसाइट http://vyapam.cgstate.gov.in/ पर उपलब्ध है, जिसमें ऑनलाईन आवेदन का प्रारूप, आवेदन पत्र भरने की विधि, आवेदन पत्र में फोटो, हस्ताक्षर एवं बाए हाथ के अंगूठे का निशान स्कैन करने एवं पोस्ट करने की विधि, ऑनलाईन की विधि, अभ्यर्थी को प्राप्त रजिस्ट्रेशन आई.डी. नंबर के आधार पर ऑनलाइन एडमिट कार्ड प्राप्त करने की विधि तथा जानकारियां दी गई है।

संलग्नः– उपरोक्तानुसार।

(प्रदीप गुप्ता)भापुसे
संचालक
राज्य न्यायालयिक विज्ञान प्रयोगशाला
रायपुर (छ.ग.)

पृष्ठा.क्रमांक / रा.न्या.वि.प्र. / स्था. / सीधीभर्ती / जी–5089–ए / 2021 दिनांक– 08 / 11 / 2021

प्रतिलिपिः–

1. संचालक, जनसम्पर्क विभाग, को दैनिक समाचार पत्रों में निःशुल्क प्रकाशन हेतु कृपया सूचनार्थ।
2. नियंत्रक, छ.ग. व्यावसायिक परीक्षा मंडल नवा रायपुर को कृपया सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु अग्रेषित।

(प्रदीप गुप्ता)भापुसे
संचालक
राज्य न्यायालयिक विज्ञान प्रयोगशाला
रायपुर (छ.ग.)